# सराहनीय कार्य

## इटावा पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस नोट दिनांक 25.10.2025**

- **जनता का भरोसा, पुलिस की ईमानदारी — इटावा पुलिस की सराहनीय कार्यवाही**
- **गश्त के दौरान मिली महिला की कीमती वस्तुएं — बलरई पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर सुपुर्द कीं**

**संक्षिप्त विवरणः-**

आज दिनांक 25 अक्टूबर 2025 को थाना बलरई पर नियुक्त का० रवि देव एवं का० अजय कुमार फैंटम मोबाइल पर गश्त के दौरान थाना क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इस दौरान बलरई नहर पुल के पास सड़क किनारे एक लेडीज पर्स पड़ा हुआ मिला। जांच में **पर्स से सोने के जेवरात, 02 अदद मोबाइल फोन, ₹3000 नगद (कुल कीमत लगभग ₹5 लाख) एवं कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद हुए।**

प्रपत्रों पर अंकित मोबाइल नंबरों के माध्यम से संपर्क कर पर्स की पहचान श्रीमती रामदेवी पत्नी श्रीकृष्ण राजपूत निवासी ग्राम समाराम का पुरवा थाना दिबियापुर जिला औरैया के रूप में की गई। उन्हें तत्काल बुलवाकर पर्स में रखे गए समस्त सामान को चेक कराकर सुपुर्द किया गया।

**घटना के संबंध में उच्च अधिकारियों द्वारा महिला से वार्ता की गई, जिसमें महिला ने इटावा पुलिस की तत्परता एवं ईमानदार कार्यवाही पर संतोष व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।**

**इटावा पुलिस द्वारा दिखाए गए ईमानदारी, सतर्कता एवं संवेदनशीलता से किए गए इस कार्य की राहगीरों एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा खुलकर सराहना की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा सराहनीय कार्य करने वाले आरक्षियों को सम्मानित किया गया, जिससे अन्य कार्मिकों में भी उत्साह व्याप्त हुआ।**

***यह कार्यवाही न केवल पुलिस की सकारात्मक छवि को सुदृढ़ करती है बल्कि जनता और पुलिस के बीच विश्वास को और मजबूत बनाती है।***